C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com    Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 6:22 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरूवार
सुबह 5:55 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 85 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 18 सितम्बर 2024

पति विग्नेश के जन्मदिन पर...पेज-3 पर

News कॉर्नर

### कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**हल्द्वानी।** दुर्घटना के आरोपी कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ऊंचापुल निवासी शारदा रावत पत्नी स्व. महेंद्र सिंह रावत ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि बीती 21 अगस्त को हेमंत जोशी नामक व्यक्ति ने नशे की हालत में कार चलाते हुए उसके पति महेंद्र सिंह रावत और उनके पालतू डॉगी को टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्हें गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां पर उनकी मौत हो गई। मकहला ने आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### 2.407 किला चरस समेत तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** पुलिस ने गोरापड़ाव चौराहे के पास चैकिंग के दौरान एक स्कूटी सवार व्यक्ति से 2.407 किलोग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। बीती रात पुलिस बरेली रोड में गोरापड़ाव क्षेत्र में वाहनों की चैकिंग कर रही थी। जैसे ही स्कूटी चालक ने पुलिस को देखा, उसने भागने का प्रयास किया, लेकिन सड़क पर बजरी के कारण उसकी स्कूटी गिर गई। पुलिस ने उसे रोक लिया और उसकी तलाशी ली तो स्कूटी से 2. 407 किलो चरस बरामद हुई है। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम जोगा सिंह पुत्र स्व. प्रेम सिंह निवासी नामिक नाचनी जिला पिथौरागढ़ बताया। पुलिस ने जोगा सिंह को एनडीपीएस अधिनियम की धाराओं 8/20/60 के तहत गिरफ्तार कर लिया और उसे हिरासत में ले लिया।

## मसूरी-यमुनोत्री में बारिश बदरीनाथ हाईवे रात से बंद

देहरादून/चमोली
हमारे संवाददाता

चमोली कर्णप्रयाग के चटवापीपल भूस्खलन जोन में मलबा आने और दलदल होने से बदरीनाथ हाईवे बंद हो गया। मंगलवार रात्रि करीब दस बजे से हाईवे बंद है। जिस पर ट्रैफिक को प्रशासन ने कर्णप्रयाग-पोखरी से रुद्रप्रयाग ओर हल्के वाहनो को कर्णप्रयाग- सरमोला-गौचर से डायवर्ट किया। वहीं यमुनोत्री धाम सहित आसपास खरशालीगांव, जानकीचट्टी, नारायण पुरी, फूलचट्टी, जानकीचट्टी, क्षेत्र में कल शाम से लगातार बारिश हो रही है। जबकि बड़कोट तहसील क्षेत्र में



रात्रि से रुक रुककर बारिश जारी है। यमुनोत्री धाम से चौकी प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं की आवाजाही सामान्य रूप से हो रही है।

थानाध्यक्ष कर्णप्रयाग डीएस रावत ने बताया कि कतिपय लोगों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक ट्रक दुर्घटना की वीडियो को पोस्ट करते हुए चटवापीपल का होना बताकर भ्रामक जानकारी फैलाई जा रही है, जो पूरी तरह से तथ्यात्मक रूप से गलत है। उक्त घटना चंपावत जिले के टनकपुर-पिथौरागढ़ हाईवे की है। कहा कि यह अत्यंत चिंता का विषय है कि कुछ लोग सनसनीखेज़ता के लिए इस प्रकार के तथ्य को गलत तरीके से प्रस्तुत कर रहे हैं। ऐसे में आम जन को इस तरह की भ्रामक खबरों पर ध्यान नहीं देने की अपील की जाती है।

हमारी सलाह है कि सभी लोग ऐसे झूठे समाचारों से बचें और सच्चाई को जानने के लिए विश्वसनीय स्रोतों का सहारा लें। इसके साथ ही, सोशल मीडिया पर ऐसे भ्रामक और असत्य प्रचार करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

सात जिलों के 24 विधानसभा सीटों के लिए मतदान होगा

## किश्तवाड़ के बागवान के मतदान केंद्र पर पहचान को लेकर हंगामा

नई दिल्ली
एजेंसी

जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान हो रहा है। आज शाम 6 बजे तक सात जिलों की 24 विधानसभा सीटों के लिए मतदान होगा।

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ के डीएम राजेश कुमार ने कहा कि यहां लोगों में कुछ भ्रम की स्थिति थी, इसे सुलझा लिया गया है। पहचान को लेकर कुछ समस्या थी, एक व्यक्ति के पास पहचान पत्र नहीं था। स्थिति सामान्य है, मतदान फिर से शुरू हो गया है। किश्तवाड़ से भाजपा उम्मीदवार शगुन परिहार ने कहा कि (पीडीपी) उम्मीदवार यहां आए और कहा कि यह लड़की पीड़ित कार्ड खेल रही है और सहानुभूति पाने की कोशिश कर रही है। मुझे बुरा लगा। मैंने कहा कि मैं पीड़ित कार्ड क्यों खेलूंगी और कहा कि आपने मुझे पीड़ित बना दिया है। उन्होंने मुझे धक्का देने की कोशिश की। पीडीपी और नेशनल कॉन्फ्रेंस के कार्यकर्ता उस जगह में घुस गए जहां मतदान हो रहा था।



### फिर फिसली भाजपा सांसद की जुबान, आरक्षण को खत्म करने को लेकर राहुल गांधी पर कर दी विवादित टिप्पणी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के नेता लगातार आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे हैं। भाजपा के राज्यसभा सदस्य अनिल बोंडे ने भी कांग्रेस नेता को घेरा। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के नेता लगातार आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे हैं। भाजपा के राज्यसभा सदस्य अनिल बोंडे ने भी कांग्रेस नेता को घेरा। उन्होंने कहा कि आरक्षण को लेकर राहुल गांधी ने जो भी कुछ कहा इसके बाद उनकी जुबान को काटने से कुछ नहीं होगा, उनकी जुबान जला देना चाहिए।

## खाकी वर्दी पहने सिपाही की वायरल वीडियो पहुंची पुलिस अधिकारियों के पास,एसएसपी ने किया निलंबित

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

**आदेश**
- अटरिया रोड शराब की दुकान के समीप नाले के पास पड़ा था

मंगलवार को एक खाकी वर्दी पहने सिपाही की वायरल वीडियो पुलिस अधिकारियों के पास पहुंची तो एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने सिपाही को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही संबंधित थाना क्षेत्र सर्किल ऑफीसर को जांच के आदेश दिए हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक अटरिया रोड स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान के पास गली में उत्तराखंड पुलिस की वर्दी पहने हुए एक कांस्टेबल नाले के पड़ा पड़ा हुआ था। उसके जूते भी खुले हुए थे। पुलिस कर्मी को पड़ा देख वहां से गुजर रहे एक व्यक्ति ने उसकी वीडियो बना ली। उक्त वीडियो इंटरनेट मीडिया में वायरल हुआ और वीडियो पुलिस अधिकारियों तक पहुंच गया। पुलिस सूत्रों मुताबिक एसएसपी मणिकांत मिश्रा को इंटरनेट मीडिया के जरिए एक वीडियो मिली है। जांच कराई गई तो चला की कांस्टेबल जितेंद्र कुमार झनकईया थाने में तैनात था। एसएसपी ने वायरल वीडियो के बाद कांस्टेबल जितेंद्र कुमार को निलंबित कर दिया है। एसएसपी की ड्यूटी में या विवेचना में लापरवाही बरतने पर कार्रवाई में कोई कोताही नहीं हो रही है।

### स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन

**नैनीताल।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के दस वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को नगर पालिका परिषद नैनीताल के अन्तर्गत डीएसए ग्राउंड में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बता दें कि स्वच्छता ही सेवा अभियान जिसमें इस वर्ष की थीम स्वभाव स्वच्छता- संस्कार स्वच्छता के तहत विधायक सरिता आर्या द्वारा महिला समूहों,पर्यावरण मित्रों तथा स्ट्रीट वेंडर्स आदि को स्वच्छता शपथ दिलवाई गई व सभी से शहर को साफ करने में अपना सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया।

## मौलवी के समर्थकों ने शिकायत करने वाले परिवार पर हमला किया, कई गंभीर

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

ग्राम मल्सी में बीत दिनों बालिकाओं के साथ छेड़छाड़ करने वाले मौलवी के खिलाफ पुलिस में शिकायत करने वाले परिवार पर गांव के ही कुछ लोगों ने लाठी डण्डों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में परिवार के लोग घायल हो गये। चार लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने तहरीर पर हमलावरों पर मुकदमा दर्ज कर लिया। हमलावरों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिये हैं। ग्राम मल्सी निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि करीब एक माह पूर्व मल्सी में नूरी मस्जिद के मौलवी ने गाँव की कुछ नाबालिग लड़कियों के साथ गलत हरकत की गयी थी। शिकायत पर पुलिस ने मौलवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया था। आरोप है कि मौलवी के जेल जाने के पश्चात गाँव के कबीर अहमद पुत्र सकूर अहमद, खुर्शीद अहमद पुत्र रसीद अहमद,यूसुफ अंसारी व अन्य लोगों ने परिवार को धमकाने लगे और मौलवी को गलत जेल भिजवाया है। आरोप है कि इसी रंजिश में मंगलवार रात करीब आठ बजे रात उक्त लोगों अपने अन्य 10-15 के साथ लाठी डण्डे और धारदार हथियारों से लैस होकर घर में घुस आये और जान से मारने की नियत से पत्नी आरिफा,भाई नवी हसन व भाभी आयशा, भतीजा मोहसिन के सिर पर वार कर उन्हें गम्भीर रुप से घायल कर दिया। परिवार के अन्य लोगों के साथ भी मारपीट गाली गलौज की गयी। आस पास के लोगों ने बीच बचाव किया तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। उधर घायल आरिफा , नवी हसन व आयशा और मोहसिन को अस्पताल भर्ती कराया गया है।

## लालू-तेजस्वी को समन, पहली बार तेज प्रताप भी तलब

नई दिल्ली
एजेंसी

दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने लालू, तेजस्वी और अन्य आरोपियों को समन जारी किया है। कोर्ट ने अखिलेश्वर सिंह और उनकी पत्नी किरण देवी को भी समन भेजा है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और उनके दोनों बेटों तेज प्रताप और तेजस्वी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। तीनों को कोर्ट ने नौकरी के बदले जमीन से जुड़े घोटाले मामले में तलब किया है। घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अन्य आरोपियों को भी तलब किया गया है। कोर्ट ने सभी को सात अक्तूबर को पेश होने के लिए कहा है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छह अगस्त को 11 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था, जिनमें से चार की पहले ही मौत हो चुकी है। दरअसल, दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने लालू, तेजस्वी और अन्य आरोपियों को समन जारी किया है। कोर्ट ने अखिलेश्वर सिंह



और उनकी पत्नी किरण देवी को भी समन भेजा है। कोर्ट ने कहा कि तेज प्रताप यादव की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता है। वह एके इंफोसिस लिमिटेड के निदेशक भी थे। उन्हें भी जमन जारी किया गया है। आरोप है कि रेलवे मंत्री रहते हुए लालू यादव इस घोटाले में शामिल थे। यह घोटाला 2004 से 2009 के बीच किया गया था, जहां कई लोगों को रेलवे के विभिन्न जोनों में ग्रुप-डी के पदों पर नौकरियां दी गई थीं। बदले में इन लोगों ने अपनी जमीन तत्कालीन रेलवे मंत्री लालू यादव के परिवार के सदस्यों और एक संबंधित कंपनी एके इंफोसिस्टम के नाम कर दी थी। घोटाले का आरोप यूपीए सरकार में रेल मंत्री रहे पवन बंसल के भांजे विजय सिंगला पर भी लगा है। मामले में भी सीबीआई ने विजय सिंगला समेत 10 के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इस मामले में विजय सिंगला पर मनी लॉन्ड्रिंग का भी आरोप है।

# लोक कला: संकल्प नए उत्तराखंड का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनी महिला जागृति संस्था द्वारा आयोजित एवं नैनीताल बैंक द्वारा प्रायोजित संकल्प नए उत्तराखंड का आयोजन के अन्तर्गत लोक कला अधारित समूह नृत्य प्रतियोगिता का समापन समारोह मंगलवार को श्री राम सेवक सभा प्रांगण में हुआ।

प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस केनफ ील्ड छात्रावास डीएसबी ने लोक देवता पूजा तथा बीएसएसवी सैनिक ने कुमाऊंनी लोक नृत्य एवं केपी छात्रावास ने लोक कला आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। संस्था की अध्यक्ष मंजू रौतेला तथा मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्या एवं विशिष्ट अतिथि ईशा साह एमडी ताल चैनल द्वारा विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। प्रथम पुरुष्कार 5100 रुपए निशांत स्कूल तथा द्वितीय पुरुस्कार 2100 रूपए सैंट जॉन्स स्कूल एवं तृतीय पुरस्कार 1100 रूपए सैनिक विद्यालय ने प्राप्त किए।





इसके पश्चात मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्या तथा विशिष्ट अतिथि ईशा साह, संस्था की अध्यक्ष मंजू रौतेला तथा भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष कविता गंगोला समेत जीवंती भट्ट, संरक्षक मोहित आर्या, आयोजक सचिव हरीश राणा, विशाल वर्मा, ज्योति ढौंडियाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर केक काटकर सांस्कृतिक कार्यक्रम के द्वितीय सत्र का उद्घाटन किया।

संस्कृति विभाग द्वारा प्रायोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रख्यात लोक गायक इंदर आर्या के गीतों पर दर्शक झूमते दिखाई दिए। इंदर आर्या ने गुलाबी सरारा---, तेरो लहंगा---, एक केतली चाहा---, सावरी सावरी--- तथा हे मधु--- एके 47--- तथा मेरी समदनी--- तथा समेत कई मॉर्डन कुमाऊं गीत गाकर समा बांधा। इस दौरान मनोज साह,डा. मनोज बिष्ट, विमल चौधरी, नीरज बिष्ट, भाजपा महामंत्री मोहित साह समेत अमर साह, भास्कर जोशी, नीरज मेहरा, आशीष साह, विशाल बिष्ट, अभिषेक बिष्ट, दीपा जोशी, कुसुमलता सनवाल, गीता नैनवाल, अमिता साह, चंद्रा पंत, कमला चिलवाल, रश्मि राणा, कमला पांडे, मुन्नी भट्ट, सुमन शाह, अमिता शाह, मीनू बुधलाकोटी, सरिता अधिकारी, भगवती शर्मा, मंजू डालाकोटी, हर्ष चौहान, विक्रम रावत एवं अनिकेत शर्मा उपस्थित रहे। संचालन हेमंत बिष्ट तथा नवीन पांडे ने किया।

## बीडीपांडे जिला अस्पताल के इमरजेंसी में बेहतर उपचार न मिलने का आरोप

**नैनीताल** । नगर के मल्लीताल धूपकोठी निवासी गुंजन ने राजकीय बीडीपांडे जिला अस्पताल के इमरजेंसी में उन्हें बेहतर उपचार न मिलने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर पीड़ित गुजन ने जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक को शिकायती पत्र लिखा है। पत्र में गुंजन ने कहा है कि 14 सिंतबर की शाम को तीन बजे पेट में अधिक दर्द होने की शिकायत पर परिजन उन्हें उपचार के लिए अस्पताल के इमरजैंसी में लाए जहां पर मौजूद डाक्टर ने नर्स ने इंजेक्शन देने को कहा था लेकिन वह नर्स में डाक्टर के कहने के बीस मिनट के बाद पहुंची,गुंजन के मुताबिक परिजनों ने नर्स से उनकी (गुंजन) की हालत को गंभीर देखते हुए जल्द इंजेक्शन लगाने को कहा कि उसने मेरे परिजनों से अभद्रता कर दी और इंजेक्शन लगाना छोड़ बहसबाजी करना शुरु कर दी। गुंजन के मुताबिक नर्स के व्यवहार से वह खुद तथा परिजन काफी परेशान रहे। इस मामले में प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक तरुण टम्टा ने बताया कि मामला मेरी जानकारी मैं नहीं है दोनों पक्षों को सुनने के बाद कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



## मलबे से बंद मार्ग को पीएमजीएसवाई व लोनिवि ने खोलना शुरू कर दिया

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल के समीपवर्ती अधौडा गांव में बीते दिनों गिरे मलबे से बंद मार्ग को पीएमजीएसवाई व लोनिवि ने खोलना शुरू कर दिया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि ग्रामीणों की दिक्कतों को देखते हुए जल्द ही सडक खोल दी जाएगी।

बता दें कि बीते शुक्रवार की रात अधौड़ा गांव में पहाडी में भूस्खलन के चलते भारी मात्रा में मलबा गिरा था। मलबा गरकर पीएमजीएसवाई व लोनिवि की सडक में जा पहुंचा था। जिसके चलते दोनों सडकें बंद हो गई थी और ग्रामीणों की आवाजाही बंद हो गई थी। एसडीएम प्रमोद कुमार व बाद में ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश बिष्ट के निरीक्षण के बाद लोनिवि व पीएमजीएसवाई ने जेसीबी लगाकर सडक से मलबा हटाना शुरू कर दिया है। पीएमजीएसवाई की सहायक अभियंता नेहा अमरीन मंसूरी ने बताया कि मलबा हटाने के दौरान पहाडी से पत्थर गिर रहे हैं वही सडक के नीचे लोगों के घर होने के चलते मलबा हटाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन लगातार मलबा हटाया जा रहा है जल्द ही सडक खोल दी जाएगी।

## सरकारी जमीन पर अतिक्रमण मामले में चार सप्ताह में जवाब पेश करें: कोर्ट

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने नेपाली मूल के निवासियों द्वारा नैनीताल के आसपास सरकारी जमीन पर अतिक्रमण व गलत तरीके से भारत के दस्तावेज तैयार कर कब्जा किये जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश रितु बाहरी व न्यामूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने मामले को गम्भीर मानते हुए राज्य सरकार से चार सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है साथ में कोर्ट ने यह भी बताने को कहा है कि सरकार ने इस पर क्या एक्शन लिया। मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार नैनीताल निवासी पवन जाटव ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि बीते कई वर्षों से नेपाल से आए लोगों ने नैनीताल शहर व नैनीताल जिले के ग्राम सभा के खुर्पाताल के तोक खाड़ी स्थित बजून चौराहे के पास करीब 25 परिवार के लोगों के द्वारा सरकारी व नजूल भूमि पर कब्जा करके आवासीय निर्माण कर लिया है। इन लोगों ने ना ही कोई नागरिकता हासिल करने के लिए प्रार्थना पत्र लगाया और ना ही किसी तरीके से भारत देश की नागरिकता हासिल की और अवैध तरीके से यहां के दस्तावेज बनाकर जैसे आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड तथा ड्राइविंग लाइसेंस तथा स्थाई निवास प्रमाण पत्र व राशन कार्ड, स्वास्थ्य सेवाएं कार्ड तथा अवैध तरीके से बनाकर सरकारी योजनाओं का लाभ लिया जा रहा है साथ ही वोटर लिस्ट,पैन कार्ड तथा आधार कार्ड बनाकर वोटर लिस्ट में नाम दर्ज कराकर पानी बिजली के कनेक्शन आदि अवैध तरीके से हासिल भी कर लिए। इस सम्बंध में कई बार इसकी शिकायत जिला प्रशासन व राज्य सरकार के उच्च अधिकारियों से की परन्तु उनकी शिकायत पर कोई निराकरण नहीं हुआ।

यही नहीं यह लोग जबकि ड्रग्स की तस्करी भी कर रहे हैं। इससे क्षुब्ध होकर उनको न्यायलय की शरण लेनी पडी है। जनहित याचिका में उन्होंने कोर्ट से प्रार्थना की है कि इस तरह की अवैध गतिविधिओं पर रोक लगाई जाय।

## NEWS / फटाफट

### सीवर लाईन का चैंबर टूटने से बना गड्ढा, लग रहा जाम



**नैनीताल**। तल्लीताल बिड़ला रोड में वैलकम पार्क होटल के समीप सीवर लाईन का चैंबर टूटने से गड्ढा बन गया है जिसके चलते कई बार सडक़ में जाम लगता रहा। बता दें कि मंगलवार को तल्लीताल बिड़ला मार्ग में लगातार वाहनों की आवाजाही के बीच वैलकम होटल पार्क के समीप बीच सडक़ सीवर लाईन का चैंबर का ढक्कन टूट गया। जिसके चलते बीच मार्ग में बड़ा गड्ढा बन गया। जिसके चलते वाहन चालकों को वाहन चलाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। बीच सडक़ गड्ढा होने के चलते सडक़ में कई बार जाम लग रहा है। जल संस्थान के सहायक अभियंता दलीप सिंह बिष्ट ने बताया कि सूचना के बाद टीम को मौके पर भेज दिया गया है। जल्द ही चैंबर की मरम्मत कर ढक्कन लगा दिया जाएगा।

### भूस्खलन के चलते ग्रामीणों के भवन खतरे की जद में

**नैनीताल**। नैनीताल के समीपवर्ती ताकुला गांव में मार्ग में भूस्खलन के चलते ग्रामीणों के भवन खतरे की जद में आ गए हैं। फिलहाल लोगों ने किसी तरह तिरपाल से भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र को ढंक कर घरों को सुरक्षित किया है। जानकारी के अनुसार बीते तीन दिन भारी बारिश के दौरान ताकुला गांव में बना आरसीसी मार्ग भूस्खलन की चपेट में आ गया। जिसके चलते पूरा गार्ग टूटकर नीचे नाले में पहुंच चुका है। उप प्रधान कमला जोशी ने बताया कि भूस्खलन का प्रभाव ऊपर पूरन चंद्र जोशी व चेतन जोशी के घरों में भी पड़ा है। जिसके चलते उनको दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। हांलाकि भवन स्वमियों ने भवनों को बचाने के लिए भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र में तिरपाल डाली है। लेकिन बारिश के दौरान बड़े हादसे की भी संभावना है। उन्होंने प्रशासन से भूस्खलन क्षेत्र में बचाव कार्य करने की मांग की है।

### योमें पैदाइश के मौके पर फल वितरित किए



**नैनीताल**। हजरत मोहम्मद साहब की योमें पैदाइश के मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए। इस मौके पर जश्ने ईद मिलादुल नबी कमेटी के अध्यक्ष फि रोज खान, महासचिव मोहम्मद खालिद, उपाध्यक्ष फ ईम अहमद, सचिव आँशु बक्स, सैय्यद काशीब जाफ री, अलीम अहमद, साहीद अली, नाजिम बक्श, समीर अली, इब्राहिम, मो. इस्लाम, अब्दुल वासित, अजीजुल हसन, मो. काशिम, अलीम खान, सहनवाज तथा सिकंदर अली व दिलावर खान व जमील समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### शौचालय बनाने की मांग को लेकर सीएम को लिखा पत्र



**नैनीताल**। सामाजिक सरोकारों से जुड़ी जनहित संस्था की ओर से मल्लीताल स्थित बीएम साह ओपन थियेटर के समीप स्थानीय लोगों तथा पर्यटकों के लिए सुलभ शौचालय बनाने की मांग को लेकर सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिखा गया है। मामले में संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि उन्होंने जनहित से जुड़ी इस मांग को लेकर बीते दो वर्षो से लगातार नगर पालिका परिषद प्रशासन से पत्र व्यवहार करने के साथ ही उनसे व्यक्तिगत रुप से भी वार्ता की लेकिन अभी तक संस्था को मात्र आश्वासन के सिवाय कुछ भी हासिल नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि बार-बार स्मरण पत्रों के माध्यम से भी पालिका प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी स्थिति ज्यों की त्यों बनी है। चौधरी ने सीएम धामी को भेजे गए पत्र में गुजारिश की है कि वह मामले में नगर पालिका परिषद प्रशासन को निर्देशित करने करें।

## विश्वकर्मा जयंती के विशेष मौके पर पॉलीटेक्निक तथा आईटीआई समेत अन्य तकनीकी संस्थानों में पूजा अर्चना की

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

विश्वकर्मा जयंती के विशेष मौके पर मंगलवार को जिला मुख्यालय नैनीताल स्थित जल संस्थान, विद्युत वितरण केंद्र, पॉलीटेक्निक तथा आईटीआई समेत अन्य तकनीकी संस्थानों में पूजा अर्चना की गयी। इस मौके पर संस्थानों में कार्य करने वाले श्रमिकों ने भी विभिन्न स्थानों पर पूजा अर्चना कर हवन के बाद भंडारे का आयोजन किया।



नगरि के मल्लीताल स्थित जल संस्थान के मुख्य पंप हाउस में मशीनों और औजारों की पूजा की गई। इसके बाद हवन व भंडारा किया गया। पूजन पंडित दया कांडपाल ने करवाया। पूजा में यजमान अधिशासी अभियंता रमेश गर्ब्याल, सहायक अभियंता डीएस बिष्ट, अवर अभियंता गोपाल सिंह कार्की, त्रिवेंद्र जोशी, आनंद शर्मा तथा दीवान सिंह बिष्ट आदि लोग मौजूद रहे। विद्युत विभाग के 33/11 सब स्टेशन पाइनस बिजलीघर में भी विशेष पूजा अर्चना की गई जिसमें कंचन जोशी, प्रदीप पांडे, पान सिंह, रेवा तथा राजू शामिल हुए। कंट्रोल रूम सूखाताल मल्लीताल में भी मशीनों और औजारों की पूजा अर्चना की गई।

मुख्य पुजारी आनंद बल्लभ पंत रहे। विभिन्न स्थानों पर मशीनों को फ ूलों की मालाओं और बिजली की मालाओं से सजाया गया था। कई स्थानों पर प्रसाद वितरण तो कई स्थान पर लंगर भी लगे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## सो रहे हैं साहब!

*समीक्षा के दौरान सचिव का यह कहना कि घटिया निर्माण के दौरान इंजीनियर कहां सो रहे थे? इतना कहकर सचिव अपनी जिम्मेदारी से बच गये। सचिव को अच्छी तरह पता है कि इंजीनियर सोते नहीं हैं, ठेकेदार से हिस्सा मिलने पर आंखें बंद कर सोने का नाटक किया जाता है। सचिव यह भी कह रहे हैं कि गुणवत्ता में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। अब सवाल यह उठता है कि समीक्षा के दौरान गड़बड़ी मिलने पर सचिव ने खुद क्यों कार्रवाई नहीं की? जब सचिव ने पल्ला झाड़ लिया तो कार्रवाई कौन करेगा? भ्रष्टाचार उजागर होने के बाद जांच का निर्देश देना आरोपी को बचाने का हथकंडा बन गया है।*

उत्तराखंड में जल जीवन मिशन योजना में खामियों की भरमार सामने आई है। योजना की समीक्षा के दौरान सचिव पेयजल शैलेश बगोली ने उत्तरकाशी, अल्मोड़ा, रानीखेत की योजनाओं की घटिया गुणवत्ता पर अफसरों को फटकार लगाई और कहा कि जब घटिया गुणवत्ता का काम हो रहा था, तब इंजीनियर कहां सो रहे थे? सचिव ने यह भी कहा कि जल जीवन मिशन की योजनाओं में समय सीमा और गुणवत्ता का खास ख्याल रखा जाये। गुणवत्ता में गड़बड़ी को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठना नई बात नहीं है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान जल जीवन मिशन को सरकार की उपलब्धि के तौर पर मुद्दा बनाया गया। इस योजना के तहत पूरे प्रदेश में शायद किसी भी शहर में पेयजल उपलब्ध नहीं हुआ है। निर्माण के दौरान ही कमियां उजागर होने से साबित हो रहा है कि योजना का उद्घाटन होने के बाद उपभोक्ताओं को बिल का भुगतान करने को बाध्य किया जायेगा और पानी पीने को नहीं मिलेगा। समीक्षा के दौरान सचिव का यह कहना कि घटिया निर्माण के दौरान इंजीनियर कहां सो रहे थे? इतना कहकर सचिव अपनी जिम्मेदारी से बच गये। सचिव को अच्छी तरह पता है कि इंजीनियर सोते नहीं हैं, ठेकेदार से हिस्सा मिलने पर आंखें बंद कर सोने का नाटक किया जाता है। सचिव यह भी कह रहे हैं कि गुणवत्ता में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। अब सवाल यह उठता है कि समीक्षा के दौरान गड़बड़ी मिलने पर सचिव ने खुद क्यों कार्रवाई नहीं की? जब सचिव ने पल्ला झाड़ लिया तो कार्रवाई कौन करेगा? भ्रष्टाचार उजागर होने के बाद जांच का निर्देश देना आरोपी को बचाने का हथकंडा बन गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'हर घर नल' का वायदा किया है। इस ड्रीम प्रोजेक्ट को भाजपा शासित राज्य में ही विफल करने पर नौकरशाही तुली हुई है। जल जीवन मिशन योजना के निर्माण की गुणवत्ता में खामी से जाहिर होता है कि पानी की योजना का पैसा अफसर पी रहे हैं। जब पैसा पी लेंगे तो उपभोक्ता को पानी पीने को कैसे मिलेगा? पेयजल योजना के पाइप बिछाने के लिए खोदी जाने वाली सड़क की मरम्मत नहीं की जा रही है। सड़क पर गड्ढे होने से दुर्घटनाएं हो रही हैं। उत्तराखंड के भाबर क्षेत्र में प्रतिदिन और 24 घंटे पेयजल की आपूर्ति नहीं की जाती है। अनेक क्षेत्रों में एक दिन छोड़कर मात्र तीन से चार घंटे पेयजल की आपूर्ति की जाती है। आबादी की तुलना में नलकूप की क्षमता कम होने के कारण बिना पम्प के उपभोक्ताओं को पानी नहीं मिलता है। जिस समय जल आपूर्ति होती है, उसी समय बिजली गुल हो जाने पर पम्प नहीं चलते और उपभोक्ता पानी से वंचित रह जाते हैं। भविष्य में पेयजल संकट और गंभीर होने से इन्कार नहीं किया जा सकता है।

# स्वच्छता पखवाड़े के रूप में मनाया पीएम मोदी का जन्मदिन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी का 74वां जन्म दिवस नैनीताल में भाजपा नगर मंडल ने स्वच्छता पखवाड़े के रूप में मनाया।

इसके तहत भाजपाईयों ने नंदा देवी मेला क्षेत्र में डीएसए ग्राउंड मल्लीताल में स्वच्छता अभियान चलाया गया उसके बाद राजकीय बी. डी. पांडे जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।

जिसमें तीन भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा रक्तदान किया गया जिसमें नैनीताल की विधायक सरिता आर्या, मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट तथा युवा भाजपा नेता अरविंद सिंह पडियार शामिल थे। इस मौके पर मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह रावत समेत मंडल महामंत्री मोहित लाल शाह, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बिष्ट ,वरिष्ठ भाजपा नेत्री विमला अधिकारी, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा कविता गंगोला, नितिन कार्की, मनोज शाह जगाती,दीपिका बिनवाल, जीवंती भट्ट, मंडल अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा रोहित भाटिया, राजेंद्र बिष्ट, प्रेम सागर, संजय चंदेल, अरुण कुमार, हंसी रावत,कलावती असवाल,मीरा बिष्ट, बबीता उप्रेती, गजाला कमाल तथा हेमलता पांडे आदि भाजपाई मौजूद रहे।




**आयोजन**
- जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित किया
- डीएसए ग्राउंड मल्लीताल में स्वच्छता अभियान चलाया

## विद्युत संविदा कर्मियों का 30 सितंबर को देहरादून में धरना

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड विद्युत संविदा कर्मचारी संगठन की हल्द्वानी इकाई की सुभाषनगर बिजली उप संस्थान में हुई बैठक में 30 सितंबर व एक अक्टूबर को देहरादून में होने वाले दिनी धरने को समर्थन देने का निर्णय लिया गया। बैठक में संगठन के प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार ने तीनों निगमों के संविदा कार्मिकों के विद्युत संविदा एकता मंच बनाने पर खुशी जाहिर की। इस दौरान विद्युत संविदा एकता मंच की ओर से 30 सितंबर से देहरादून में होने वाले धरना-प्रदर्शन को समर्थन देने का निर्णय लिया गया। संविदा कर्मियों ने भरोसा दिलाया कि विद्युत संविदा एकता मंच के बैनर तले होने वाले धरना कार्यक्रम को सफल बनाया जाएगा। खंडीय अध्यक्ष अध्यक्ष रवि बिष्ट ने सरकार से मांग की कि नियमितीकरण नियमावली 2024 में विद्युत संविदा कर्मचारियों को शामिल शामिल किया जाए। इस मौके पर खंडीय सचिव भूपाल कार्की, घनश्याम चुफाल, विक्रम रावत, कमलेश मेहरा, रोहित मिश्रा, रजत मिश्रा, हरीश बिष्ट, हरीश पांडे, अमित असवाल, विकास सूर्या मौजूद थे।

## बाईक सवार चेन स्नेचरों ने महिला के गले से चेन झपटी

**रुद्रपुर।** शहर में बाईक सवार बदमाशों का आतंक थम नहीं रहा है। बीते दिनों आदर्श कालोनी में एक महिला के गले से सोने की चेन लूटने के मामले का पुलिस अभी खुलासा भी नहीं कर पाई थी कि बदमाशों ने आवास विकास में ऐसी ही एक और घटना को अंजाम देते हुए महिला के गले से चेन झपट ली। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

जगतपुरा आवास विकास में किराये का मकान लेकर रह रही वैशाली जोशी पत्नी मनोज पाठक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि विगत सायं लगभग 8:20 बजे वह अपनी बहन को लेने के लिए कमरे से निकली थी। वह पैदल-पैदल रॉयल मार्ट के सामने मानस पीजी पहुंची और बहन को फोन करने लगी। इसी दौरान दो अज्ञात युवक बाईक पर सवार होकर आए और महिला के गले में पड़ी सोने की चेन लॉकेट सहित छीन ली। चेन की खीचातानी में कपड़े भी फट गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मौका मुआयना किया। पुलिस ने आस पास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

# चिकित्सा शिक्षा के निदेशक ने स्वामी राम कैंसर इंस्टीट्यूट का निरीक्षण किया

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

चिकित्सा शिक्षा विभाग देहरादून के निदेशक डा.आशुतोष सयाना ने स्वामी राम कैंसर इंस्टीट्यूट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने निरीक्षण के दौरान स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट के निदेशक डा.केसी पांडे से विभाग में उपकरण व चिकित्सकों, नर्सिंग अधिकारी, पेरामेडिकल स्टाफ व अन्य कर्मचारियों के पदों के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

उन्होंने कैंसर वार्ड का निरीक्षण कर मरीजों के ईलाज की विस्तृत जानकारी भी ली। डॉ.सयाना ने प्रस्तावित निर्माणाधीन कार्य के संबंध में निर्माण एजेंसी से जानकारी ली। उन्होंने बताया कि स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट के निर्माण कार्य में बाधा बन रहे 40 पेड़ों को काटने की अनुमति मिल गई है, पेड़ों के कटान के बाद स्टेट कैंसर संस्थान के निर्माण कार्य का जल्द ही मुख्यमंत्री शिलान्यास करेंगे। डॉ.सयाना ने कहा कि कैंसर हॉस्पिटल और बेहतर बनाया जाये इसके लिए शासन स्तर पर कार्य चल रहा है। हॉस्पिटल के स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट बनने से दूरदराज से आने वाले मरीजों को और बेहतर ईलाज मिल सके। निरीक्षण के दौरान मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ.अरुण जोशी, सहायक अभियंता पंकज बोरा, उप प्रबंधक लेखा पुनीत अग्रवाल, सीएस गुरुरानी, जनसंपर्क अधिकारी आलोक उप्रेती आदि मौजूद थे।



प्रस्तावित निर्माणाधीन कार्य के संबंध में निर्माण एजेंसी से जानकारी प्राप्त की

**जायजा**
- कहा-स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट के निर्माण कार्य में बाधा बन रहे 40 पेड़ों को काटने की अनुमति मिली

## रामलीला: गणेश पूजन के साथ ध्वज पूजन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

इस वर्ष की श्री रामलीला मंचन हेतु ,आज विधिवत ध्वजस्थापना हो गई। कमेटी के विद्वान पुरोहित व्यास पुष्कर दत्त भट्ट गोपाल पंडित, रितेश जोशी, ने विधिवत विधान से गणेश पूजन कर ध्वज पूजन कराया ।

मुख्य यजमान के रूप मे कमेटी रिसीवर नगर मजिस्ट्रेट ए पी वाजपेई, जिला संघचालक डाक्टर नीलाम्बर भट्ट,सदस्य मनोज गुप्ता, विवेक कश्यप ने संयुक्त रूप से ध्वजा पूजन करा । इसके पश्चात आरती एवं प्रसाद वितरण हुआ। कार्यक्रम में सांसद अजय भट्ट, निवर्तमान महापौर जोगेन्दर पाल सिंह रोतेला, सदस्य गुप्ता ने बताया की दिन की रामलीला सितम्बर ओर रात्री लीला 3 अक्टूबर से आरम्भ होगी।

कार्यक्रम का संचालन अतुल अग्रवाल ने किया । कार्यक्रम मे मुख्य रूप से सौरभ अग्रवाल, विजय भट्ट, हरिमोहन अग्रवाल, पंकज कपूर, गोपाल पाल,विन्देश गुप्त, भवानी शंकर नीरज, प्राचीन शिव मन्दिर कमेटी से हरिमोहन अरोरा,धर्मेंद्र गुप्ता, लाला जायसवाल, शिव कपूर, पंडित विवेक शर्मा,पंडित किशन उपाध्याय ,पंडित गणेश जी आदी उपस्थित रहे।




# फिल्मी दुनिया

## पति विग्नेश के जन्मदिन पर नयनतारा ने साझा की खास पोस्ट



*साउथ फिल्मों की मशहूर अभिनेत्री नयनतारा ने अपने पति के जन्मदिन पर एक खास पोस्ट साझा किया है। इस पोस्ट में उन्होंने अपने पति विग्नेश शिवन के लिए प्यार जताते हुए उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। नयनतारा साउथ फिल्मों की बड़ी अभिनेत्रियों में से एक हैं। वह हिंदी फिल्म में भी काम कर चुकी हैं। पिछले साल ही वह बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ फिल्म %जवान% में नजर आई थीं। अभिनेत्री फिल्मों और अपने परिवार के बीच बेहतर संतुलन बना कर रखती हैं उन्होंने फिल्म निर्माता विग्नेश शिवन से शादी की है। नयनतारा और विग्नेश साउथ फिल्मों की मशहूर और लोकप्रिय जोड़ों में से एक हैं। लंबे समय तक साथ रहने के बाद, दोनों शादी के बंधन में बंध गए थे। अब दोनों दो प्यारे बच्चों के माता-पिता भी है। आज, अपने पति के जन्मदिन पर अभिनेत्री ने खास अंदाज में विग्नेश को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। इस पोस्ट को साझा करते हुए नयनतारा ने लिखा, जन्मदिन की शुभकामनाएं, मेरे लिए आप सबकुछ हैं। मैं आपसे इतना प्यार करती हूं कि उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। भगवान आपको जीवन में वह सब कुछ दे, जो आप चाहते हैं। मेरे उइर उलगम। इसके साथ ही अभिनेत्री ने अपनी भावनाओं को प्रदर्शित करने के लिए लाल दिलवाले इमोजी का भी उपयोग किया। इसके बाद उनके इस पोस्ट को अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर दोबारा से साझा करते हुए विग्नेश ने लिखा, मेरा सबकुछ। बताते चलें नयनतारा और विग्नेश ने 9 जून, 2022 को शादी रचाई थी।*

### 39 साल के हुए विग्नेश शिवन

*नयनतारा ने अपने पति और फिल्म निर्माता विग्नेश शिवन के जन्मदिन पर एक खास पोस्ट साझा की है। बुधवार को विग्नेश 39 साल के हो गए। इस मौके पर अभिनेत्री ने अपने पति के साथ बर्थडे डिनर की तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में दोनों एक रेस्तरां में बैठे हुए इस खास दिन का जश्न मनाते नजर आए। इस मौके पर दोनों एक दूसरे के साथ रोमांटिक पोज देते दिखाई दे रहे हैं।*

## News कॉर्नर

### हैप्पी होम डांडिया नाइट की तैयारियां शुरू

**नैनीताल ।** लेक सिटी वेलफेयर क्लब नैनीताल की ओर से हैप्पी होम डांडिया नाइट की प्राथमिकता से तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। इसी सिलसिले में लेक सिटी वेलफेयर क्लब की बैठक क्लब की अध्यक्ष ज्योति ढौंडियाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक के बाद क्लब की सचिव दीपा पांडे ने बताया कि विगत वर्षों की भांति क्लब द्वारा इस बार भी हैप्पी होम डांडिया नाइट का आयोजन शैले हाल में 6अक्टूबर को शाम 4 बजे से शुरू किया जा रहा है। पंजीकरण कराने हेतु 9410749602 पर संपर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम के प्रायोजक हैप्पी अटवाल ने बताया कि इस बार डांडिया नाइट का आयोजन भव्य रूप से किया जायेगा। बैठक में अमिता शाह,जीवंती भट्ट, मीनू बुधलाकोटी, तनु सिंह तथा कविता गंगोला शामिल रहे। संचालन क्लब की सचिव दीपा पांडे ने किया।

### दो स्टेट हाइवे समेत 15 मार्गों की रफ्तार पर ब्रेक

**अल्मोड़ा।** जिले में पिछले दिनों हुई बारिश के बाद आपदा के जख्मों पर मरहम नहीं लग पाया है। जिले में दो स्टेट हाइवे समेत 15 सड़क मार्गों पर अब भी वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद है। इस कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग बाधित होने के कारण 35 हजार से अधिक की आबादी प्रभावित है। पिछले दिनों हुई बारिश का सबसे अधिक असर जिले की सड़कों पर पड़ा है। जगह-जगह भूस्खलन होने के कारण मुख्य मार्गों पर जगह-जगह मलबा और बड़े-बड़े बोल्डर आ गए हैं। इस कारण इन मार्गों पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद हो गई है। स्थानीय लोग और बाहर से आने वाले लोग मार्ग बदलकर जैसे तैसे गंतव्य तक पहुंच रहे हैं। मार्ग बंद होने के कारण अब इन सड़कों से प्रभावित क्षेत्रों में अब जरूरी सामान की आपूर्ति भी बंद हो गई है।

# उत्तराखंड आइकन अवार्ड्स सीजन 4 कार्यक्रम का आयोजन

**देहरादून/नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

डिस्कवर उत्तराखंड मैगजीन ने उत्तराखंड पर्यटन के सहयोग से उत्तराखंड आइकन अवार्ड्स सीजन 4 कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम बॉलीवुड के मशहूर कलाकार हेमंत पांडे को उत्तराखंड आइकन अवार्ड सम्मान दिया गया।

देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज और विशिष्ट अतिथि के रूप में निर्देशक व लेखक भारत कुकरेती मुख्य अतिथि के रूप में रहे जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के 50 लोगो को आइकन की अवार्ड दिए। इस दौरान शाम निजामी



बंधुओं और अविनाश भारद्वाज के मनमोहक प्रदर्शनों से जगमगा उठी। शो में बॉलीवुड के मशहूर कलाकार उत्तराखंड की शान एवं सिने एंड टीवी आर्टिस्ट एसोसिएशन सिंटा के वरिष्ठ संयुक्त सचिव हेमंत पांडे समेत अभिनेत्री हिमानी शिवपुरी और गोपाल दत्त, गढ़वाल रत्न नरेंद्र सिंह नेगी, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर गरिमा चौरसिया, एलोरा के मेल्टिंग मोमेंट्स से गुलाटी भी मौजूद थे।

पुरस्कार पाने वालों में बॉलीवुड के मशहूर कलाकारो में अभिषेक मिश्रा, अजय डबराल,बीडी हॉलिडे प्राइवेट लिमिटेड डॉ आकाश मुंजाल, आमिर साबरी,अनीश विरमानी तथा अनुकृति बत्रा अरोड़ा, अविनाश मिश्रा, भानु कर्णवाल, चंदर कैंतुरा सहाय, देवव्रत पुरी गोस्वामी, धीरज सिंह, अमर ज्योत छाबड़ा, डॉ.आकाश सिंघल, नेहा गुलाटी, करण महाजन, कृष्ण कारगवाल ट्रैवलगर, कृष्ण मोहन अग्रवाल, अमारा, कोको ओस्टेरिया, नरेश तिवारी, निहारिका चौधरी, निजामी ब्रदर्स, प्रशांत डांग, प्रवीण शाह, राशिद खान, रौनक जैन, शकुल उनियाल, शिवी चड्ढा, मशकबीन स्वाति मित्तल, उदित हांडा, विनय पांडे, यश डी मित्तल, अर्पित गर्ग ,लग्जरी राइड गोपाल दत्त, हिमानी शिवपुरी, राघव जुयाल तथा गरिमा चौरसिया रहे। इस अवसर पर डिस्कवर उत्तराखंड के प्रबंध निदेशक आशुतोष कुमार मिश्रा, केशव ठाकुर, अमित गर्ग,हर्षनिधि शर्मा अध्यक्ष वेब न्यूज पोर्टलस एसोसिएशन ,सुप्रसिद्ध आचार्य अनिल पांडे समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# करीब 90 लाख रूपये की स्मैक समेत बाईक सवार अंतराज्यीय तस्कर दबोचा

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड के ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत एसटीएफ की एएनटीएफ यूनिट ने कोतवाली किच्छा क्षेत्र से एक अंतराज्यीय नशे का सौदागर को गिरफ्तार कर करीब 90 लाख की स्मैक बरामद की।

एसटीएफ एसएसपी नवनीत भुल्लर के निर्देश पर सीओ एसटीएफ कुमाऊँ आरबी चमोला एवं प्रभारी निरीक्षक कुमाऊं यूनिट पावन स्वरुप के नेतृत्व में देर शाम थाना किच्छा क्षेत्र में पुलिस को साथ संयुक्त रूप से दरऊ रोड पर पुराना ईट भट्टा के सामने से एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा था।

पुलिस को देख उसने भागने का किया। एसएसपी एसटीएफ ने बताया कि पूछताछ में उसने अपना नाम हामिद रजा पुत्र अहमद रजा निवासी वीर सावरकर नगर, ढेला पीर थाना



इज्जतनगर बरेली यूपी बताया।

उसके पास से करीब 323 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ पर बताया कि बरामद स्मैक बरेली यूपी से लेकर आया था और रुद्रपुर में बेचने जा रहा था। पूछताछ में कई अन्य ड्रग्स तस्करों के नाम की जानकारी हुई। 2 सालों से बरेली,मीरगंज से स्मैक रुद्रपुर, सितारगंज, किच्छा क्षेत्र में एजेंटों को सप्लाई कर रहा है।

**कार्रवाई**

- **300 किलोग्राम डोडा पोस्त, एमडी 7 ग्राम मादक द्रव्यों की बरामदगी की एवं 39 तस्करों को गिरफ्तार किया**
- **उत्तराखंड एसटीएफ की एएनटीएफ टीम की किच्छा में नशे तस्करों पर बड़ी कार्रवाई**

एसएसपी एसटीएफ ने बताया कि नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। एएनटीएफ टीम में एसआई विपिन चंद्र जोशी,एसआई विनोद चंद्र जोशी, एएसआई जगवीर शरण,वीरेंद्र चौहानइसराए अहमद समेत थाना किच्छा पुलिस से एसआई दीवान सिंह बिष्ट,उमेश सिंह,उम्मेद गिरी आदि मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व सीएम धामी के जन्मदिन पर फल व मिष्ठान वितरण किया

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तराखंड के युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के ज़िला अध्यक्ष संदीप कुकसाल द्वारा कुष्ठ आश्रम मोतीनगर में फल वितरण और मिष्ठान वितरण का कार्यक्रम किया गया।

इस अवसर पर किसान मोर्चा नैनीताल के जिला अध्यक्ष संदीप कुकसाल ने कहा की प्रदेश को ऊर्जावान मुख्यमंत्री के रूप में पुष्कर सिंह धामी मिले हैं और उनके नेतृत्व में प्रदेश का चौमुखी विकास हो रहा है। हम सभी कार्यकर्ता उनके जन्मदिन के अवसर पर उनके दीर्घायु होने की कामना करते हैं।

इस अवसर पर भाजपा नेता शुभम अंडोला, किसान मोर्चा के सोशल मिडिया प्रभारी भैरव दत्त खोलिया, एडवोकेट प्रकाश सनवाल, रविंदर बाली, जिला मंत्री किसान मोर्चा सचिन गुप्ता, नवीन देवराड़ी, नरेश सिरोही, रमेश अंडोला, दीपक जोशी, हरीश जोशी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# नमामि गंगे के तत्वाधान में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का हुआ शुभारंभ



**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

इंदिरा प्रियदर्शिनी राजकीय स्नातकोत्तर महिला वाणिज्य महाविद्यालय हल्द्वानी में एनएसएस, एनसीसी तथा नमामि गंगे के तत्वाधान में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का शुभारंभ हुआ। नोडल अधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रितुराज पंत ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता ही सेवा 2024 पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो0 ए0के0 श्रीवास्तव ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इसके पश्चात स्वच्छता को अपने जीवन में अंगीकार करने के उद्देश्य से महाविद्यालय में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमें सभी स्वयंसेवियों छात्रों एवं एनसीसी कैडेट्स में बढ़-चढ़कर प्रतिभा किया। इसके पश्चात डॉ0 फकीर सिंह ने शहर में बढ़ रहे डेंगू के प्रकोप को देखते हुए अपने घर तथा आसपास के क्षेत्र में रुके हुए पानी को विनष्ट करते हुए साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने का आवाहन किया। इसके पश्चात छात्राओं को ऑनलाइन माध्यम से डेंगू रोग से बचने के उपाय बताए गए एवं एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इधर महाविद्यालय परिसर में छात्राओं द्वारा एक वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया । एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ0 रेखा जोशी के नेतृत्व में महाविद्यालय में एक स्वच्छता विषय पर आधारित संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ0 फकीर सिंह ने आयुष्मान भारत से संबंधित विषय पर छात्राओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही इस महत्वाकांक्षी योजना पर बारीकी से प्रकाश डाला एवं छात्राओं की जिज्ञासाओं को शांत किया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 गीता पंत ने किया। इस अवसर पर डॉ0 संजू, पूजा आदि उपस्थित रहे।

### काशीपुर में मूक बधिर बच्चों के लिए जागरूकता गोष्ठी आयोजित

**रुद्रपुर।** काशीपुर में अनमोल फाउंडेशन द्वारा संचालित स्पेशल स्कूल में मूक बधिर बच्चों के साथ जागरूकता गोष्ठी आयोजित की। इस दौरान एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने प्रभारी जीतो कंबोज ने ? मूक बधिर बच्चों को मानव तस्करी के बारे में बताया। एक्सप्लेन टीचर मेगा बिष्ट ने संकेतों के माध्यम से समझाया बताया। समाज में स्पेशल बच्चे ही मानव तस्करी के ज्यादातर शिकार होते हैं। अनमोल फाउंडेशन की सीओ मीनाक्षी चौहान समेत अन्य टीचर वह स्कूल का संपूर्ण स्टाफ मौजूद रहा। मीनाक्षी चौहान ने बताया कि स्पेशल स्कूल में 42 दिव्याग बच्चे है।

# अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के अतुल अध्यक्ष बने

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ शाखा हल्द्वानी के अतुल कुमार अध्यक्ष व श्याम सुंदर महामंत्री चुने गये। मुखानी नहर कवरिंग रोड स्थित बैंकट हॉल में नवमनोनीत पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ उत्तराखंड के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विशाल बिरला व विशिष्ट अतिथि निवर्तमान मेयर जोगेंद्र रौतेला, पूर्व पालिकाध्यक्ष रेनू अधिकारी, प्रदेश अध्यक्ष चौधरी सुनील राजौर, बीना लुखेड़ा व प्रिंस लोहट मौजूद रहे। इस दौरान विमेश कुमार शाखा कार्यकारी अध्यक्ष, सचिन चौधरी शाखा वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन कुमार शाखा उपाध्यक्ष, शिवम कुमार व गौरव कुमार शाखा सचिव संपर्क व विक्रम कोषाध्यक्ष चुने गये। वहीं महिला मोर्चा में शाखा अध्यक्ष लता देवी, शाखा महामंत्री दीपमाला , शाखा कार्यकारी अध्यक्ष मधु, शाखा वरिष्ठ उपाध्यक्ष ज्योति, शाखा उपाध्यक्ष नूरी, शाखा सचिव संपर्क गीता मौर्य, शाखा सचिव कार्यालय रेखा राज, सचिव कार्यालय कविता व ममता कोषाध्यक्ष चुनी गईं। इस दौरान नवमनोनीत पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में चौधरी रामू भारती, निवर्तमान पार्षद रवि वाल्मीकि, चौधरी हरिओम, सतपाल, राजेश चुम्मा, राकेश कुमार चौधरी, सुरेश बंधु, राहुल पुजारी, लेवर इंस्पेक्टर विनय अग्रवाल आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष सुनील चौधरी एवं संघ की महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष बबीता चौधरी की ओर से आयोजित किया गया। सभा का संचालन अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ शाखा हल्द्वानी के महामंत्री श्याम सुंदर ने किया।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर आयोजित

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर युवा मोर्चा नैनीताल द्वारा एमआईटी कॉलेज लामाचौड़ में ज़िला अध्यक्ष युवा मोर्चा कार्तिक हर्बोला के नेतृत्व में रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमे मुख्य अतिथि सांसद नैनीताल उधमसिंह नगर अजय भट्ट और जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट रहे, रक्तदान शिविर में 52 यूनिट रक्तदान किया गया।

इस दौरान सांसद अजय भट्ट ने कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर युवा मोर्चा द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया है जो कि एक सरहानीय आयोजन है ,जैसा कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी ने भारत को विश्व में एक अलग पहचान दिलाई है। जिससे की आज देश का हर नागरिक खुद को गौरांवित महसूस कर रहा है। इस दौरान जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने कहा की युवा मोर्चा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन करना क्षेत्र में हो रही रक्त की कमी को दूर करने में काफी हद तक सकारात्मक रहेगी और आज के दिन जबकि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित करना प्रेरणादायक है। जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा नैनीताल कार्तिक हर्बोला ने कहा की सभी युवा साथियों के सहयोग से आज देश यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमारे गौरव है जन्मदिन के शुभ अवसर पर रक्तदान शिविर लगाने का शुभ अवसर मिला है। मोदी प्रत्येक वर्ग की चिंता करते है गरीबों के लिए जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई है जिससे की हर वर्ग के व्यक्ति को इस योजना का लाभ मिल रहा है।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, जिला महामंत्री रंजन बर्गली, नवीन भट्ट, दर्जा राज्यमंत्री दिनेश आर्य, पूर्व राज्यमंत्री प्रकाश हर्बोला,प्रदेश कार्यकारणी सदस्य प्रमोद तोलिया, मोहन पाठक, प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज बिष्ट, प्रदेश मंत्री विपिन पांडेय, एमआईटी डायरेक्टर तरुण सक्सेना, योगेंद्र भट्ट, उदित चौधरी, विशु शर्मा, प्रिंस भारद्वाज , हिमांशु सनवाल, हरीश पांडेय, कमल दुर्गापाल, करन, यामिनी , योगिता ,रोहित श्रीवास्तव , राहुल जोशी, आदि रहे।